an>

Title: Need to develop a mechanism to evaluate the real value of property mortgaged against a bank loan to reduce the increasing NPAs of banks.

_

श्री श्यामा चरण गुप्त (इलाहाबाद)ः बैंकों में होने वाली एन.पी.ए. के संबंध में क्या कभी ऐसी कोई जानकारी ली गई कि बन्धक सम्पत्तियों की कीमत (Valuation) की कितनी आय की रहती है। सम्पत्ति 5 लाख की भी नहीं होती है उसकी कीमत (Valuation) 50 लाख से 1 करोड़ तक बनवा कर बैंकों से 75 प्रतिशत से अधिक लोन ले लिया जाता है, उसी की अदायगी न होने से एन.पी.ए. हो जाता है इसलिए एन.पी.ए. बढ़ता ही जाता है। गलत Valuation report बनाकर देने वाली इन एजेंसियों के खिलाफ आज तक कितनी कार्यवाही की गई है।

इन सम्पत्तियों की जब नीलामी होती है। यह उतनी कीमत में बिकती नहीं है। इससे भी सिद्ध होता जाता है कि लोन स्वीकृति नीति में कहीं न कहीं कुछ तत्व छिपे हुए हैं, इसलिए एन.पी.ए. हो जाता है।